देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 15.06.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- नागर विमानन महानिदेशालय ने भारतीय विमान बेड़े में मौजूद 34 बोइंग 787 विमानों की निगरानी बढ़ाने का आदेश दिया; एक सरकारी समिति हवाई दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मौजूदा मानक संचालन प्रक्रियाओं की जांच करेगी।
- प्रदेश के सभी हेलीपैडों में सुरक्षा के समुचित प्रबंध करने के साथ ही हेलीपैडो का सेफ्टी ऑडिट किया जाएगा।
- कुमाऊं विश्वविद्यालय छात्रों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये केंद्र सरकार की ''एजुकेशन टू एम्प्लॉयमेंट'' योजना के तहत विश्वविद्यालय परिसर में इंडस्ट्री लाउंज स्थापित करेगा।
- टिहरी जिले के मुनिकीरेती स्थित पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल सुविधाओं के विकास के लिये नौ करोड़ रुपए से अधिक की अंतिम किश्त जारी।

विस्तारित जांच

नागर विमानन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने बताया कि नागर विमानन महानिदेशालय ने भारतीय विमान बेड़े में मौजूद 34 बोइंग 787 विमानों की विस्तारित जांच के आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि इनमें से आठ विमानों का तत्काल निरीक्षण किया जा चुका है। नई दिल्ली में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए श्री नायडू ने कहा कि घटना की जांच के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय समिति बनाई जा रही है। गृह सचिव इस समिति के अध्यक्ष होंगे।

श्री नायडू ने कहा कि समिति ऐसी घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए जारी मौजूदा मानक संचालन प्रक्रियाओं और दिशा–निर्देशों की जांच करेगी। समिति भविष्य में ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए व्यापक दिशा–निर्देश सुझाएगी। समिति को तीन महीने के भीतर रिपोर्ट देने को कहा गया है।

श्री नायडू ने कहा कि दुर्घटना के तुरंत बाद, विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो को सक्रिय कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि जांच ब्यूरो ने विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया है। मृतकों की पहचान करने और पार्थिव शरीर उन्हें परिजनों को सौंपने के लिए डीएनए परीक्षण किए जा रहे हैं।

<u>सेफ्टी ऑडिट</u>

प्रदेश के सभी हेलीपैडों में सुरक्षा के समुचित प्रबंध करने के साथ ही हेलीपैडो का सेफ्टी ऑडिट किया जाएगा। साथ ही मॉनसून के दृष्टिगत पुलों की गुणवत्ता की जांच के लिये इनका भी सुरक्षा ऑडिट करने को कहा गया है।

देहरादून स्थित उत्तराखण्ड राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में सभी जिलाधिकारियों के साथ मानसून सीजन से पहले आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिए कि भूस्खलन की स्थिति में किसी भी स्थान पर 15 मिनट के भीतर मलबा हटाने वाली मशीन पहुंचनी चाहिए। उन्होंने राज्य का लैंडस्लाइड मैप तैयार करने को भी कहा।

श्री धामी ने खासतौर पर हल्द्वानी से कैंचीधाम और अल्मोड़ा–पिथौरागढ़ मार्ग की समीक्षा और निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने पुरानी एंबुलेंस को तुरंत बदले जाने, पिथौरागढ़ में अतिरिक्त हेलीकॉप्टर की व्यवस्था और हेलिपैड व एयरपोर्ट निर्माण की प्रक्रिया तेज करने को भी कहा।

मुख्यमंत्री ने जीर्ण–शीर्ण स्कूल भवनों में पढ़ाई बंद कर छात्रों के लिए वैकल्पिक शेल्टर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सभी जिलाधिकारियों को स्कूल, अस्पताल और आश्रम जैसे संवेदनशील स्थलों का सुरक्षा सत्यापन तीन दिन के भीतर करने को कहा गया है। जलाशयों में सिल्ट हटाने और उनकी क्षमता बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए।

<u>इमरजेंसी सायरन</u>

देहरादून जिले में आपातकालीन स्थितियों से नागरिकों को सतर्क करने के लिए आधुनिक लांग रेंज इमरजेंसी सायरन लगाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी सविन बंसल की पहल पर जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र में इन सायरनों का परीक्षण किया गया।

शुरुआती चरण में देहरादून शहर के घनी आबादी वाले 15 स्थानों पर 8 और 16 किलोमीटर तक की श्रव्य क्षमता वाले सायरन लगाए जा रहे हैं। इनका नियंत्रण संबंधित थानों और जिला कंट्रोल रूम से किया जाएगा। सायरन की आवाज सुनते ही लोग सुरक्षित स्थानों की ओर जा सकें, इसी उद्देश्य से यह व्यवस्था की जा रही है।

दूसरे चरण में ऋषिकेश, विकासनगर और चकराता जैसे क्षेत्रों में भी यह सायरन लगाए जाएंगे। साथ ही, जिला प्रशासन जल्द ही सेना, अर्धसैनिक बलों, एयरपोर्ट, बड़े अस्पतालों और आईएसबीटी जैसे महत्वपूर्ण

संस्थानों में तीव्र संचार प्रणाली भी स्थापित करेगा। इससे किसी भी आपदा या बाहरी हमले की स्थिति में एक साथ सभी संस्थानों से संपर्क साधा जा सकेगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि पुराने सायरन अब आबादी के लिहाज़ से पर्याप्त नहीं थे, इसलिए आधुनिक तकनीक के नए सायरनों की खरीद और परीक्षण के बाद उन्हें स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि सायरन ऐसी जगह लगाए जाएं जहाँ से उनकी आवाज बिना किसी रुकावट के आम नागरिकों तक पहुंच सके।

स्वच्छता अभियान संपन्न

राजकीय महाविद्यालय रुद्रप्रयाग की नमामि गंगे इकाई द्वारा आयोजित तीन दिवसीय योग और स्वच्छता अभियान कार्यक्रम कल योगाभ्यास के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान स्वयं सेवियों ने रुद्रनाथ मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में साफ–सफाई की।

कार्यक्रम का आयोजन अलकनंदा और मंदाकिनी नदी के संगम स्थित रुद्रनाथ मंदिर परिसर में किया गया, जिसमें ''नदियों की धारा में बहता योग, संस्कृति और अध्यात्म'' थीम को प्रमुखता दी गई।

इंडस्ट्री लाउंज

कुमाऊं विश्वविद्यालय अब शिक्षा से रोजगार की दिशा में ठोस कदम बढ़ा रहा है। भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की ''एजुकेशन टू एम्प्लॉयमेंट'' योजना के तहत विश्वविद्यालय परिसर में इंडस्ट्री लाउंज स्थापित किया जाएगा। इसकी शुरुआत सितंबर 2025 से की जाएगी।

इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दीवान रावत की अध्यक्षता में हुई बैठक में भारतीय उद्योग परिसंघ के प्रतिनिधि वैभव दाधीच के साथ विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में यह सहमति बनी कि विश्वविद्यालय सी०आई०आई को परिसर में स्थान उपलब्ध कराएगा, जहां से वह नौ हजार से अधिक उद्योग इकाईयों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए छात्रों को इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप और संभावित रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगा।

यह पहल शिक्षा और उद्योग जगत के बीच सेतु का कार्य करेगी, जिससे विद्यार्थियों को व्यावसायिक अनुभव और कौशल विकास का लाभ मिल सकेगा।

अंतिम किश्त जारी

टिहरी जिले के मुनिकीरेती स्थित श्री पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल सुविधाओं के निर्माण कार्यों में अब तेजी आएगी। खेल निदेशालय द्वारा स्टेडियम के लिए तीसरी और अंतिम किश्त के रूप में 9 करोड़ 12 लाख 99 हजार रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है।

जिला क्रीड़ा अधिकारी दीपक रावत ने बताया कि 12 करोड़ 34 लाख 82 हजार रुपये की कुल लागत से स्टेडियम में बहुउद्देशीय बैडमिंटन हॉल, राष्ट्रीय स्तर का फुटबॉल ग्राउंड, क्रिकेट पिच और वॉलीबॉल कोर्ट जैसी सुविधाओं का निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि अंतिम किश्त जारी होने से काम में और तेजी आएगी, जिससे खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए बेहतर संसाधन मिल सकेंगे।

खेल सुविधाओं के विस्तार से युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और अपनी खेल प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा। साथ ही, खेलों में उनका भविष्य भी संवर सकेगा। जिलाधिकारी के निर्देश पर स्टेडियम परिसर में खिलाड़ियों के लिए छात्रावास निर्माण का प्रस्ताव भी खेल निदेशालय को भेजा गया है, जिससे उन्हें प्रशिक्षण के साथ ही बेहतर माहौल मिल सकेगा।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर नैनीताल में कल एनसीसी की 5—यूके नेवल यूनिट और कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के संयुक्त तत्वावधान में बीडी पांडे जिला चिकित्सालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में अधिकारियों, एनसीसी कैडेटों और पूर्व कैडेटों ने हिस्सा लिया और युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करते हुए समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया। कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन चंदरविजय नेगी ने रक्तदान को जीवन बचाने वाला महान कार्य बताया और युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की।

इस आयोजन में डीएसबी परिसर के कैडेटों सहित एनसीसी अधिकारी, प्रशिक्षक, चिकित्सक और स्वयंसेवियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

भारतीय सैन्य अकादमी में आयोजित पासिंग आउट परेड की ख़बर सभी समाचार पत्रों में सचित्र प्रकाशित की गई है। दैनिक जागरण का शीर्षक है— भारतीय सेना को मिले 419 युवा अधिकारी, 32 विदेशी भी पासआउट, श्रीलंकाई सेना प्रमुख बोले— सैन्य नेतृत्व की असली परीक्षा जंग—ए—मैदान में।

एक हजार बत्तीस किलोमीटर पैदल नापेगा आई.टी.बी.पी ट्रैकिंग दल। इस शीर्षक के साथ राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र लिखता है— आई.टी.बी.पी के हिमाद्री ट्रकिंग दल अभियान—2025 को मुख्यमंत्री ने किया रवाना। 27 घाटियों व 27 दर्रों, 84 वाइब्रेंट विलेज से गुजरेगा, साढें तीन लाख फलदार पौधे बांटेगा।

'ऑपरेशन लगाम' का असर, एक सप्ताह में तीन सौ सताईस गिरफ्तार, दैनिक जागरण की सुर्खी है। समाचार पत्र लिखता है— सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने वालों, वाहनों के शीशों पर काली फिल्म चढ़ाने और हूटर बजाने वालों पर की गई कार्रवाई।

सरकार नंदा राजजात यात्रा मार्ग के गांवों के प्रवासियों के घरों की मरम्मत कराएगी। अमर उजाला समाचार पत्र के अनुसार यदि यात्रा मार्ग और उसके आसपास के गांवों के प्रवासी यात्रा में शामिल होना चाहेंगे तो सरकार उनके पैतृक घरों की मरम्मत कराएगी।

प्रदेश के छह जिलों में आज भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। हिंदुस्तान समाचार पत्र की ख़बर है— नैनीताल, बागेश्वर, पिथौरागढ़, चम्पावत, चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों में भारी बारिश की संभावना।